CHENNAI SAHODAYA SCHOOLS COMPLEX

COMMON PRE-BOARD EXAMINATION 2019-2020

# हिंदी 'ब' (कोड -85)

## कक्षा-दसवीं

निर्धारित समय:3 घंटे | अधिकतम अंक:80

सामान्य निर्देश:

- इस प्रश्न -- पत्र में चार खंड हैं ---- क,ख,ग, और घ |
- सभी खंडों के प्रश्नों के उत्तर देना अनिवार्य है |
- यथासंभव प्रत्येक खण्ड के प्रश्नों के उत्तर क्रम से लिखिए |
- एक अंक के प्रश्नों का उत्तर लगभग 15-20 शब्दों में लिखिए |
- दो अंकों के प्रश्नों का उत्तर लगभग 30-40 शब्दों में लिखिए |
- तीन अंकों के प्रश्नों का उत्तर लगभग 60-70 शब्दों में लिखिए |
- पाँच अंकों के प्रश्नों का उत्तर लगभग 120-150 शब्दों में लिखिए |

| | | |
|---|---|---|
| 1. | खंड - क<br>(अपठित गद्यांश)<br>निम्नलिखित गद्यांश को ध्यानपूर्वक पढकर पूछे गए प्रश्नों के उत्तर दीजिए:-<br><br>व्यक्ति की दो मूलभूत आदतें होती हैं \| एक तो यह कि लोग हमारे गुणों की प्रशंसा करें और हमारा आदर करें तथा दूसरे वे हमसे प्रेम करें \| हमारी अनुपस्थिति में हमारा अभाव महसूस करें और ऐसा लगे कि उनके जीवन में हम कुछ महत्व रखते हैं \| इस प्रकार की प्रवृत्तियाँ मनुष्य के जीवन में आगे बढने तथा कुछ न कुछ करने के लिए निरंतर प्रेरित करती रहती हैं \| आपके ज़रा से भी कार्य की यदि किसी ने सच्चे दिल से प्रशंसा की, तो आपका दिल कैसा खिल उठता है \| इसके अलावा यदि कोई आपकी सलाह को दिल से | |

| | | |
|---|---|---|
| | स्वीकार करके उसपर अमल करने लगता है, तो आपका मन फूला नहीं समाता \| कोई भी व्यक्ति कितना भी अपने -आप में आत्मविश्वासी और आत्मतुष्ट क्यों न दिखाई दे, अन्दर से वह हमारी - आपकी तरह तारीफ़ व प्रशंसा का, प्रोत्साहन का तथा स्नेह का भूखा होता है \| व्यवहारकुशलता का पहला लक्षण यही है कि आप दूसरों की भावना को ठीक - ठीक समझें, उसकी कद्र करें \| इसी से सामाजिक जीवन में व्यक्ति विशेष की लोकप्रियता का दरवाज़ा खुलता है \| मन को संतोष मिलता है, वह अलग \|<br>प्रशंसा और प्रोत्साहन वस्तुतः दिव्य औषधि के समान हैं \| देखा जाए तो प्रत्येक व्यक्ति के गहन अंतस्तल में एक चेतन चिंगारी ऐसी है, जो अपना सम्मान चाहती है \| गौरवास्पद प्राप्त करने के लिए आकुल - व्याकुल रहती है \| इस तड़पन की तृप्ति जहाँ से होती है, वह उसे प्रिय लगने लगती है \| प्रशंसा एक प्रकार का प्रोत्साहन है, एक संदेश है, जो प्राणी को साफ - साफ़ बता देता है कि उसे किस रूप में पसंद किया जाता है \| खिलाड़ियों को सिखाते समय जब शिक्षक 'हाँ' या 'शाबाश' कहता है तो वह उन्हें प्रोसाहित करके उनके अंग - चालन प्रक्रिया पर अपनी स्वीकृति वाली मोहर लगा देता है \| फलतः अंग - चालन प्रक्रिया का अधिकाधिक प्रयोग कर खिलाड़ी दक्ष बनता है \| प्रोत्साहित करने का अवसर जब भी मिले उसे व्यक्त करने से चूका न जाए, इससे प्रशंसक की भी प्रतिष्ठा बढती है \| इसके अतिरिक्त इसी के बल पर अग्रिम मार्ग-दर्शन एवं दोष-निवारण भी हो जाता है \| प्रोत्साहन और प्रशंसा शिक्षण-प्रक्रिया का एक अति आवश्यक और व्यवहारिक अंग सिद्ध हुआ है \| | |
| (क) | व्यक्ति को कौन-सी मूल प्रवृत्तियाँ भाती है ? | 2 |
| (ख) | व्यक्ति आगे बढने के लिए किससे प्रेरित होता है ? | 2 |
| (ग) | प्रशंसा और प्रोत्साहन मनुष्य के लिए दिव्य औषधि किस | 2 |

| | | |
|---|---|---|
| | प्रकार है ? | |
| (घ) | प्रोत्साहन और प्रशंसा शिक्षा में किस प्रकार उपयोगी साबित हो सकते हैं ? | 2 |
| (ड) | व्यवहार कुशलता का लक्षण बताइए \| | 1 |
| (च) | गद्यांश का शीर्षक लिखिए \| | 1 |
| | खण्ड -ख<br>(व्यवहारिक व्याकरण ) | 16 |
| 2. | सभी खिलाडी <u>मैदान</u> में खेल रहे हैं । वाक्य में रेखांकित 'मैदान' को शब्द कहेंगे या पद ? | 1 |
| 3.<br>(क)<br><br>(ख)<br><br>(ग) | निम्नलिखित वाक्यों को निर्देशानुसार बदलिए:-<br>वह जैसे ही स्टेशन पहुँचा उसने मुझे फोन कर दिया ।(सरल वाक्य में)<br>सुभाष बाबू को पकडकर लाल बाज़ार लाकअप में भेज दिया गया ।(संयुक्त वाक्य में)<br>घोडे की सवारी करने वाला घोडे से गिर गया । (मिश्र वाक्य में) | 3x1=3 |
| 4.<br>(क) | निम्नलिखित समस्त पदों का विग्रह कीजिए तथा समास का नाम लिखिए :-<br>शरणागत , नवरत्न | 2x1=2 |
| (ख) | निम्नलिखित समस्त विग्रहों के समस्त पद बनाकर समास का नाम लिखिए :-<br>लोक में प्रिय , शक्ति के अनुसार | 2x1=2 |
| 5.<br>(क)<br>(ख)<br>(ग)<br>(घ) | निम्नलिखित वाक्यों को शुद्ध करके लिखिए \|<br>माताजी फल पुत्र के लिए लाई ।<br>तुम तुम्हारे घर चले जाओ ।<br>एक गीतों की पुस्तक ला दो ।<br>उस मकान के गिरने की आशा है \| | 4x1=4 |
| 6. | निम्नलिखित मुहावरों को वाक्यों में इस प्रकार प्रयोग कीजिए कि उनका अर्थ स्पष्ट हो जाए: | 4x1=4 |

| | | |
|---|---|---|
| (क)<br>(ख)<br>(ग)<br>(घ) | अँधे के हाथ बटेर लगना<br>घाव पर नमक छिडकना<br>लोहे के चने चबाना<br>आँखों में धूल झोंकना | |
| | खण्ड-ग<br>(पाठ्य पुस्तक एवं पूरक पाठ्य पुस्तक ) | 28 |
| 7.<br><br>(क)<br><br>(ख )<br><br>(ग)<br><br>(घ) | निम्नलिखित प्रश्नों में से किन्हीं तीन के उत्तर लिखिए \|<br>(30-40 शब्दों में )<br>बडे भाई साहब को अपने मन की इच्छाएँ क्यों दबानी पडती थीं ?<br>प्रेक्टिकल आइडियलिस्ट किसे कहते हैं ? 'गिन्नी का सोना' पाठ के माध्यम से स्पष्ट करें ।<br>तँतारा वामिरो की त्यागमयी मृत्यु के बाद कौन-सा सुखद परिवर्तन आया?<br>'अब कहाँ दूसरों के दुख से दुखी होने वाले' पाठ के आधार पर बताइए कि लेखक की माँ ने पूरे दिन का रोज़ा क्यों रखा ? | 2+2+2=6 |
| 8. | कैसे पता चलता है कि वज़ीर अली एक जाँबाज़ सिपाही था ? (80-100 शब्दों में)<br>अथवा<br>सुभाष बाबू के जुलूस में स्त्री समाज की क्या भूमिका थी ? | 5 |
| 9.<br><br>(क)<br>(ख)<br><br>(ग)<br><br>(घ) | निम्नलिखित प्रश्नों में से किन्हीं तीन के उत्तर लिखिए \|<br>(30-40 शब्दों में लिखिए )<br>मीठी वाणी के संबंध में कबीर के क्या विचार हैं ?<br>'कर चले हम फिदा' कविता में धरती को दुल्हन क्यों कहा गया है ?<br>'पर्वत प्रदेश में पावस' कविता में तालाब की तुलना किसके साथ की गई है और क्यों ?<br>आत्मत्राण कविता अन्य प्रार्थना गीतों से किस प्रकार भिन्न है ? | 2+2+2=6 |

| | | |
|---|---|---|
| | | |
| 10. | तोप कविता के आधार पर लिखिए कि विरासत में मिली चीजों का महत्व क्यों होता है ?<br>अथवा<br>अपने आराध्य श्री कृष्ण के दर्शन पाने के लिए मीरा क्या -क्या उपाय करती है ? | 5 |
| 11. (क) | सभी रिश्तों की बुनियाद प्रेम न होकर धन-दौलत है \| इस कथन की पुष्टि 'हरिहर काका' पाठ के आधार पर कीजिए \|<br>(60-70 शब्दों में) | 3 |
| (ख) | सभी छात्र मास्टर प्रीतमचंद से क्यों डरते थे ? | 3 |
| | खंड- घ<br>(लेखन ) | 26 |
| 12. | निम्नलिखित में से किसी एक विषय पर 80-100 शब्दों में अनुच्छेद लिखिए :- | 6 |
| (क) | युवा पीढ़ी और सोशल मीडिया<br>• सोशल मीडिया से तात्पर्य<br>• युवाओं में सोशल मीडिया के प्रति बढ़ता आकर्षण<br>• मीडिया की लत<br>• लाभ एवं दुष्प्रभाव<br>• उपसंहार | |
| (ख) | जैसे खाए अन्न वैसे बने तन<br>• खान पान की बदलती तस्वीर<br>• फ़ास्ट फ़ूड के प्रति झुकाव<br>• पौष्टिक भोजन<br>• दिमागी एकाग्रता<br>• लाभकारी सुझाव | |
| (ग) | गया वक्त फिर हाथ नहीं आता<br>• समय अमूल्य धन<br>• विद्यार्थी जीवन में समय का सदपयोग | |

| | | |
|---|---|---|
| | • समय सारणी का पालन<br>• समय – सफलता की कुंजी | |
| 13. | दूध जैसी आवश्यक चीज़ में मिलावट की ओर ध्यानाकर्षित करते हुए किसी दैनिक पत्र के संपादक को पत्र लिखिए ।<br>**अथवा**<br>अपने क्षेत्र में बच्चों के खेलने के लिए पार्क तो है,परन्तु उसके उचित रख-रखाब की कोई व्यवस्था नहीं है \| इस समस्या की ओर ध्यान दिलाते हुए नगर निगम अधिकारी को पत्र लिखिए \| | 5 |
| 14. | आप अपने विद्यालय के नेचर क्लब के सचिव हैं \| आप गर्मियों में अपने विद्यालय के आसपास के महत्वपूर्ण स्थलों पर लगभग 500 पौधे लगाने का आयोजन करने वाले है \| छात्रों का सहयोग आमंत्रित करते हुए एक सूचना लिखिए \|<br>अथवा<br>छात्र सचिव की ओर से आप विद्यालय की स्वच्छता के विरुद्ध काम करने वाले छात्रों पर फाइन की घोषणा करते हुए सूचना तैयार कीजिए \| | 5 |
| 15. | ट्रैफिक जाम की  समस्या पर ट्रैफिक पुलिस और एक अधेड़ व्यक्ति के बीच हुई बातचीत को संवाद के रूप में लिखिए \|<br>अथवा<br>आधुनिक भारत की समस्याओं के विषय में दो युवाओं के मध्य का संवाद लिखिए । | 5 |
| 16. | नौकरी करनेवाले युवक -युवतियों के लिए 'नानी का भोजन' टिफन सर्विस आरंभ करने का विज्ञापन तैयार कीजिए \|<br>अथवा<br>हिन्दी पुस्तकों की प्रदर्शनी में आधे मूल्य पर बिक रही महत्वपूर्ण पुस्तकों को खरीदकर लाभ उठाने हेतु एक विज्ञापन लिखिए \| | 5 |